# अध्याय - 6 | भगवान के डाकिए

## QUIZ-01

1. "भगवान के डाकिए' कविता किसके द्वारा लिखी गई है?
   A. रामधारी सिंह दिनकर B. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
   C. भगवतीचरण वर्मा D. कबीरदास (A)

*व्याख्या :* ह कविता रामधारी सिंह 'दिनकर' द्वारा लिखी गई है, जो राष्ट्रकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं।

2. भाप' शब्द का क्या अर्थ है?
   A. वाष्प B. जल
   C. घुमक्कड़ D. वसा (A)

*व्याख्या :* 'भाप' का सामान्य अर्थ वाष्प होता है, जो पानी के गर्म होने पर बनती है।

3. भगवान के डाकिए इस संसार को क्या संदेश देना चाहते हैं?
   A. आपसी नफरत का B. विश्वबंधुत्व का
   C. भेदभाव न करने का D. प्रेम भाव से आगे बढ़ने का (B)

*व्याख्या :* कविता में विश्वबंधुत्व यानी सारे संसार को एक परिवार मानने का संदेश निहित है।

4. प्रस्तुत कविता में पक्षी और बादल को क्या कहा गया है?
   A. भगवान के डाकिए
   B. खत पहुंचाने वाला
   C. प्रकृति के संरक्षण
   D. संदेशवाहक (A)

*व्याख्या :* कविता में पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए कहा गया है क्योंकि वे प्रकृति का संदेश एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाते हैं।

5. बादल और पक्षी क्या नहीं मानते?
   A. जात-पात
   B. धार्मिक भेदभाव
   C. दो देशों की भौतिक सीमाओं के भेद को
   D. आपसी मनमुटाव (C)

*व्याख्या :* कविता में स्पष्ट है कि बादल और पक्षी सीमाओं को नहीं मानते, वे स्वतंत्र रूप से उड़ते हैं।

6. एक देश की धरती दूसरे देश की धरती को क्या भेजती है?
   A. सुगंध B. फूल
   C. धूप D. हवा (A)

*व्याख्या :* कविता के अनुसार एक देश की धरती, दूसरे देश को सुगंध भेजती है, जो प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है।

7. भगवान के डाकिए द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन नहीं पढ़ सकता है?
   A. इंसान
   B. पेड़-पौधे
   C. जानवर
   D. पहाड़ (A)

*व्याख्या :* कविता में कहा गया है कि इंसान उन चिट्ठियों को नहीं पढ़ पाते, क्योंकि वे भावना से रहित हो चुके हैं।

8. भगवान के संदेश को कौन-कौन पढ़ सकता है?
   A. संसार में रहने वाले सभी लोग
   B. सभी चतुर व्यक्ति
   C. सभी जीव-जंतु
   D. पेड़, पौधे, सरोवर-सरिताएँ, समुद्र व पर्वत यानी प्रकृति (D)

*व्याख्या :* प्रकृति के सभी घटक जैसे पेड़, पौधे, सरोवर आदि भगवान के संदेश को पढ़ते और अनुभव करते हैं।

9. पक्षी एक देश से दूसरे देश में सुगंध कैसे ले जाते हैं?
   A. अपने मुंह के द्वारा
   B. अपने पंखों पर
   C. अपने पंजों में छुपा कर
   D. अपनी चोंच से (B)

*व्याख्या :* कविता के अनुसार, पक्षी अपने पंखों पर सुगंध लेकर जाते हैं, जो प्रेम और शांति का प्रतीक है।

10. एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप कौन जाते हैं?
    A. हवा B. पक्षी और बादल
    C. नदियाँ D. फूल (B)

*व्याख्या :* कविता में बताया गया है कि पक्षी और बादल महादेशों को जोड़ते हैं, जो एकता और संदेशवाहक की भूमिका निभाते हैं।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसा चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App